हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार 3 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 19.0 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

11 प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि के नशा मुक्त भारत अभियान का हुआ आगाज



12 निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस में हलचल कम अभी तक चुनाव प्रभारी भी नहीं किया गया नियुक्त




## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत 27 जनवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने गुरूग्राम के फरुखनगर निवासी योगेश को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। कसोला पुलिस ने हादसे के बाद 25 जनवरी को केस दर्ज किया था। इस हादसे में बगथला निवासी विपिन को गिरफ्तार किया है। खोल थाना पुलिस ने 1 फरवरी को हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में नारनौल के मोहनपुर निवासी शैलेंद्र को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 30 जनवरी को हादसे के बाद दर्ज मामले में यूपी के हीरालाल मवाना निवासी शेर मोहम्मद खान को गिरफ्तार किया है। बाद में तीनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### माजरा मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** माजरा में गत 26 जनवरी को सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र उर्फ धोलिया के साथ मारपीट करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। धोलिया पर गत 26 जनवरी को माजरा फ्लाईओवर के पास कई लोगों ने हमला कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया था। अब एक और आरोपी राजस्थान के मांढण निवासी पारस को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ली है।

### मारपीट मामले का आरोपी भेजा गया जेल

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर गत 31 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने मूल रूप से यूपी के सीबीगंज निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। वह इस समय शहर की एक कॉलोनी में रह रहा है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेजने के आदेश हुए।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर भिवाड़ी की एक कंपनी में नौकरी करने वाले मूल रूप से यूपी निवासी अमित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत 22 जनवरी को केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने पीड़िता का सामान्य अस्पताल में मेडिकल करवाया गया था। इस मामले में आरोपी अमित को गिरफ्तार कर लिया गया।

### मोहन हत्याकांड में प्रयुक्त कार बरामद

**रेवाड़ी।** बहाला में खाद-बीज विक्रेता मोहन हत्याकांड में इस्तेमाल की गई कार दिल्ली से बरामद हुई है। मोहन की हत्या को अंजाम देने में इंडेवर कार का इस्तेमाल किया गया था। इस मामले में पुलिस ने हिसार निवासी जयवीर और सोनीपत निवासी सोनू महाल को गिरफ्तार किया था।

### शहर में पशुओं को पकड़ने के लिए लगाए गए टेंडर

# शहर की सड़कों पर लगातार बढ़ रही गोवंश की संख्या, गोशालाओं में जगह नहीं, प्रशासन सुस्त

- रेवाड़ी में छह गोशालाएं हैं
- दो हजार के आस-पास पशु सड़कों पर घूम रहे
- धारूहेड़ा व जाटूसाना गोशाला में ही भेजे जाते है गोवंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शाम के समय गोवंश के जमावड़े के कारण सरकुलर रोड स्थित नाईवाली चौक पर जाम भी लग जाता है। गोवंश सड़क पर बैठकर आराम फरमाते हैं। गोवंशके कारण वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं सड़क हादसों की आशंका भी बनी रहती है।

शहर की गोशालाओं में पशुओं के रखने की जगह नहीं है। शहर की सड़कों पर गायों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बेसहारा से ज्यादा पशुपालकों की गाएं सड़कों पर घूमती रहती हैं। सुबह-शाम इन गायों का दूध निकालने के बाद सड़कों पर घूमकर पेट भरने के लिए छोड़ दिया जाता है। हालांकि शहर की सड़कों पर घूमते गोवंश की लगातार बढ़ रही समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर परिषद ने टेंडर जारी किए हुए है। शहर में गाय, बछड़े, बैल को पकड़ने के लिए 34.42 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। पशुओं को पकड़कर निर्धारित गोशालाओं तक पहुंचाने की जिम्मेदारी फर्म की होगी, लेकिन अभी टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण समस्या बनी हुई है।

### सड़कों पर हर तरफ गोवंश का कब्जा

शहर में सड़कों पर सैकड़ों पशुओं का कब्जा रहता है। पशुओं की संख्या सर्वाधिक अनाजमंडी, सब्जीमंडी व महाराणा प्रताप चौक पर रहती है। शाम के समय गोवंश के जमावड़े के कारण सरकुलर रोड स्थित नाईवाली चौक पर जाम भी लग जाता है। गोवंश सड़क पर बैठकर आराम फरमाते हैं। गोवंशके कारण वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं सड़क हादसों की आशंका भी बनी रहती है। शहर की गलियों में भी बड़ी संख्या में गोवंश घूमते हैं। कई बार गोवंश आक्रामक होकर लोगों को गुस्से का शिकार बना चुके हैं। वाहन चालकों पर सांड आक्रमण करते हुए घायल कर चुके हैं। गोवंश के आक्रमण से शहर के कई लोगों की जान तक जा चुकी है। हादसे के बाद प्रशासन की सख्ती नजर आने लगती है, परंतु बाद में हालात वही बन जाते हैं।



रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर लियो चौक के पास ट्रैफिक बाधित करते गोवंश। फोटो : हरिभूमि



महाराणा प्रताप चौक के पास जमा गोवंश



सेक्टर बाईपास पर जमा गोवंश

### गोवंश को पकड़ने के लिए टेंडर जारी किए गए

शहर की सड़कों पर घूमते गोवंश को पकड़ने के लिए टेंडर जारी किए गए है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही गोवंश को पकड़ने का कार्य शुरू किया जाएगा।

-सुशील कुमार, ईओ नगर परिषद।

### गोवंश दर्जनों लोगों को बना चुके शिकार

*सांडों की लड़ाई में करीब 4 साल पहले एक फोटोग्राफर की मौत हो गई थी। भाड़ावास फाटक के पास एक सांड़ ने शिक्षिका को गंभर रूप से घायल कर दिया था। सेक्टर-4, ब्रास मार्केट, कुतुबपुर, नई बस्ती व शक्ति नगर सहित अनेक स्थानों पर गोवंश दर्जनों लोगों पर हमला कर अपना शिकार बना चुके है, लेकिन शहर की सड़कों से गोवंश की समस्या खत्म नहीं हो रही है। सड़कों पर घूमते गोवंश शहर की स्वच्छता मुहिम को भी खराब कर रहे है। सड़कों पर बेसहरा और पालतु दोनों तरह के पशु गोबर करते हैं, जिसे बार-बार साफ करना आसान नहीं है। अधिकारी ऐसे पशुपालकों पर नकेल डालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे, जो शहर के लोगों का दर्द बढ़ा रहे हैं।*

### बेसहारा गायों पर ही होता नप का एक्शन

शहर के कुछ इलाकों में प्रभावशाली लोगों ने बड़ी संख्या में गाएं पाल रखी हैं। इन गायों का दूध बेचकर मोटी कमाई भी की जा रही है, परंतु इन्हें चरने के लिए सड़कों पर खुला ही छोड़ दिया जाता है। नगर परिषद की ओर से गायों का पकड़ने का ठेका लेने वाली एजेंसियों के कर्मचारी भी बिना दूध देने वाली बेसहारा गायों को पकड़ने तक सीमित रहते हैं। जब भी कर्मचारी किसी दुधारू गाय को पकड़कर गोशाला भेजने का प्रयास करते हैं, तो गाय मालिक आकर विरोध कर देते हैं।

# पटाखा छोड़कर हवा बाजी करने वाले 885 वाहन चालकों के काटे चालान

- पुलिस की ओर से अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस की ओर से जिले में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने गत सप्ताह 26 जनवरी से 1 फरवरी तक ड्रिंक एंड ड्राइव, तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाने, लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने व बुलेट बाइक में पटाखा छोड़कर हवा बाजी करने वाले 885 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए शिकंजा कसा है। पुलिस की ओर से अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी और प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस ने गत सप्ताह के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 19 वाहन चालकों के चालान किए। एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं, जिससे वे अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं, साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है। एसपी ने कहा कि कुछ लोग गाड़ी में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने के साथ-साथ लोगों में दहशत और असुविधा पैदा करते है। कई बार इस तरह की हरकतें सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन जाती हैं। पुलिस ने गाड़ी में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने व बुलेट बाइक में पटाखा छोड़ने वाले 4 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा है।



रेवाड़ी। बुलेट बाइक का चालान काटते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं

एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गाड़ियों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें। नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ने व ध्वनि प्रदूषण करने से बचें।

## राजकीय विद्यालय संगवाड़ी के विद्यार्थियों ने किया सूर्यनमस्कार अभ्यास



रेवाड़ी। सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते हुए शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में सोमवार को सूर्यनमस्कार अभियान के अंतर्गत आसन कराए गए। हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य सचिव डा. युद्धवीर, आयुष योग सहायक कमलेश तेवतिया व संगीता यादव ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाड़ी में सूर्यनमस्कार का अभ्यास कराया। डा. युद्धवीर ने कहा कि सूर्यनमस्कार अपने आप में एक सम्पूर्ण अभ्यास है, जिसमें आगे झुकने, पीछे झुकने, स्ट्रेचिंग व स्ट्रेंथिंग सब शामिल होती है। इसमें सात आसान होते है तथा 12 पोजिशन बनती है। सूर्यनमस्कार का अभ्यास शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन व योगासन भारत के महासचिव डा. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में पूरे भारत वर्ष में सूर्यनमस्कार अभियान चलाया जा रहा है। योगासन भारत की ओर से 19 फरवरी क्षत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती तक सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को योग युक्त नशा मुक्त भारत के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्राचार्या ज्योत्सना, अनिता, सरिता, संजोगिता, जोगेन्द्र व पूनम सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# छात्राओं को सिखाए पेंटिंग, स्केचिंग और क्राफ्टिंग के गुर

- छात्राओं को अपने कलात्मक कौशल को विकसित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

गवर्नमेंट कॉलेज बावल में आईक्यूएसी के तत्वावधान में महिला सैल की ओर से तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के पहले दिन फाइन आर्ट विशेषज्ञ सतीश कुमार ने छात्राओं को विभिन्न कलात्मक तकनीकों के गुर सिखाए। उन्होंने छात्राओं को पेंटिंग, स्केचिंग और क्राफ्टिंग की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को अपने कलात्मक कौशल को विकसित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्राचार्य डा. नमिता ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।




रेवाड़ी। कार्यशाला में छात्राओं को जानकारी देते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया

महिला सशक्तिकरण पर बल दिया और छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज हमेशा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। महिला विभाग महिला प्रकोष्ठ इंचार्ज उषा यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न कौशलों से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में डा. इंद्रजीत सिंह, डा. किरण शर्मा, डा. नीतू सिंह, डा. बबीता यादव और सुदेश देवी सहित कॉलेज अन्य स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।

# सारिका ने फेडरेशन कप ताइक्वांडों में जीता कांस्य पदक

- प्रतियोगिता एसएमएस स्टेडियम जयपुर राजस्थान में आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा सारिका ने द्वितीय फेडरेशन कप ताइक्वांडों टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर अंडर-46 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता एसएमएस स्टेडियम जयपुर राजस्थान में आयोजित की गई। सारिका के बेहतरीन प्रदर्शन के परिणामस्वरूप उनका चयन एशियन गेम्स 2027 के ट्रायल्स के लिए भी हुआ है, जो उनके खेल जीवन की एक बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने कहा कि यह उपलब्धि सारिका के कठोर परिश्रम, आत्मविश्वास और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने सारिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रेवाड़ी। छात्रा सारिका स्कूल स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

# दो दुकानों में चोरी का आरोपी पकड़ा

- दुकान से चोर 23700 रुपये और सामान चोरी कर ले गए योगेश की दुकान से 7400 रुपये और सामान चोरी हो गया
- उसके कब्जे से चोरी का सामान, 1310 रुपये और चोरी में प्रयुक्त बाइक बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



चोरी का आरोपी कृष्ण कुमार

गत 30 जनवरी की रात झाल गांव में दो दुकानों से हजारों रुपये व सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी किया गया सामान व नकदी बरामद की गई है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। नाहड़ पुलिस चौकी को दर्ज शिकायत में झाल निवासी उमराव सिंह यादव ने बताया था कि गत 30 जनवरी की रात उसकी और उसके पड़ोसी भैरूपुर निवासी योगेश की दुकानों में चोरी हो गई। उसकी दुकान से चोर 23700 रुपये और सामान चोरी कर ले गए। योगेश की दुकान से 7400 रुपये और सामान चोरी हो गया। जब उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो झाल निवासी कृष्ण चोरी करते हुए नजर आया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर 31 जनवरी को चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी का सामान, 1310 रुपये और चोरी में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

### मौसम में बार-बार बदलाव से किसान चिंतित, ओलावृष्टि की आशंका कर रही परेशान

# दिनभर धूप के बाद शाम को छाए बादल, ठिठुरन बढ़ी

- कोहरे के कारण सड़कों पर यातायात की रफ्तार मंद पड़ी रही, व लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम में आ रहे बार-बार बदलाव ने किसानों को चिंतित किया हुआ है। आसमान में बादल छाते ही ओलावृष्टि की आशंका किसानों की धड़कनें बढ़ाने का काम करती है। दिनभर धूप के बाद शाम के समय छाए बादलों ने ठंड का असर बढ़ा दिया। शाम के समय कई इलाकों में बंदाबांदी भी हुई। मंगलवार को भी मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। सोमवार सुबह की शुरूआत कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से हुई। कोहरे के कारण सड़कों पर यातायात की रफ्तार मंद पड़ी रही, तो कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ। सुबह 11 बजे के बाद सूरज की चमक ने कोहरा साफ कर दिया। इसके बाद चमकीली धूप से ठंड का असर काफी कम हो गया। दोपहर बाद तक लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिली रही। सुबह के समय कोहर और बादलों के चलते अधिकतम तापमान 3.5 डिग्री की कमी के साथ 19.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री की वृद्धि के साथ 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 80 प्रतिशत तक रहा, जबकि दिन के समय 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। गत वर्ष की तुलना में इस बार दिन का तापमान कम बना हुआ है। गत वर्ष 2 फरवरी को अधिकतम तापमान 20.2 डिग्री और न्यूनतम 9.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो-तीन दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। ओलावृष्टि से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।



रेवाड़ी। सोमवार शाम को शहर में छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

### मौसम साफ होने की कर रहे कामना

जनवरी माह के अंत से लेकर अभी तक जिले में औसत 12 एमएम तक बारिश हो चुकी है। यह बारिश गेहूं और सरसों दोनों फसलों के लिए काफी गुणकारी साबित हुई है। सरसों की अगेती फसल को बारिश के बाद सिंचाई की आवश्यकता नहीं है। अब किसान गेहूं की फसल की सिंचाई आसानी से कर सकते हैं। मौसम विभाग की ओर से ओलावृष्टि की आशंका जताने के बाद किसानों की चिंता बढ़ रही है। अगर इस समय ओलावृष्टि होती है, तो इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर सकता है। यही कारण है कि आसमान में बादल छाते ही किसान चिंतित नजर आने लगते हैं। किसान अब मौसम के जल्द साफ होने की कामना कर रहे हैं, ताकि फसलों को ओलावृष्टि से नुकसान नहीं हो।

### बीपीसीएल डिपो में कार्यरत इंजीनियर रहस्यमय ढंग से लापता

**रेवाड़ी।** बीपीसीएल के करनावास डिपो में कार्यरत एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। पुलिस ने उसके पिता की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद लापता का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। दिल्ली के नांगलोई निवासी हीरालाल ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसका बेटा अमित बीपीसीएल के करनावास डिपो में बतौर इंजीनियर कार्यरत है। वह सेक्टर-3 में किराए के मकान में रह रहा है। जब बीते रविवार को वह घर नहीं पहुंचा, तो उसके मोबाइल पर संपर्क किया गया। उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ आ रहा था। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश शुरू की। अमित का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने हीरालाल की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद अमित की तलाश शुरू कर दी। पुलिस उसके मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर पता लगाने का प्रयास कर रही है।

हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
3 फरवरी 2026

# सहेली



जब मानव जीवन मिला है तो इसे मूल्यवान समझें। बेशकीमती जीवन व्यर्थ ना जाने दें। हम इस बात को समझें कि जीवन मिला है तो दुखों का अंधेरा छाएगा ही, इससे हताश-निराश ना हों। यह ना भूलें कि सुबह का उजियारा नई आशाएं लेकर आएगा, सफल जीवन की राह बनाएगा। इस राह में हमारी जीवनशैली कैसी हो, जिससे जिंदगी आसान और खूबसूरत बने, जानिए।

## भरपूर जिएं और बनाएं अपनी जिंदगी खूबसूरत

कवर स्टोरी

प्रतिभा अग्निहोत्री

प्रसिद्ध लेखक पी. वी. अखिलन ने अपनी पुस्तक 'चित्रप्रिया' में एक जगह लिखा है, 'अपनी जिंदगी का हर पल खूबसूरत बनाने का प्रयास करें। यदि सुंदर न बना सके तो कम से कम जैसी है, वैसी तो रहने दें।' जी हां, जब ईश्वर ने हमें मानव जीवन दिया है तो इसे व्यर्थ की चिंताओं, परेशानियों, तनाव और परस्पर वैमनस्य में ना गंवाएं। जिंदगी को रोते-बिलखते जीने से क्या फायदा? हमें यह समझना चाहिए, जीवन कभी भी एक जैसा नहीं रहता। इसमें सुख-दुःख आते-जाते रहते हैं। इसलिए जब इस संसार में जन्म लिया है तो जीवन का भरपूर आनंद लेते हुए परेशानियों-संकटों का समझदारी से सामना करें, इससे उबरें, इन पर विजय हासिल करें।

**तनाव से बनाएं दूरी:** जब भी आप तनाव में हों, प्रकृति के बीच जाएं। किसी पार्क में जाकर वहां फूल-पत्तियों को देखें कि कैसे वे धूप, बारिश, सर्दी, आंधी-तूफान सहकर भी खिले रहते हैं, मुस्कुराते रहते हैं। कली से बने फूलों को प्रकृति कैसे एक नाजुक बच्चे की तरह अपनी सुरक्षा देती है। एक बार ध्यान से प्रकृति की हर कृति को देखें। यकीन मानिए, आप दंग रह जाएंगी कि किस प्रकार एक मां के आंचल की भांति प्रकृति ने कलियों से बने फूल, फिर फल की सुरक्षा की है।

**हमेशा सकारात्मक रहें:** परेशानियां हर किसी के जीवन में आती हैं। कुछ उनका सामना हंसकर करते हैं तो कुछ जरा-सी परेशानी में घबरा जाते हैं, परेशान हो जाते हैं। जीवन का नाम ही संघर्ष है, परंतु परेशानियों से घबराकर भागना, ठीक नहीं है। संसार में हर समस्या का समाधान है। बस धैर्य, साहस और समझदारी से काम लेने की आवश्यकता होती है।



### मित्र बनाएं

**अकेलापन कई** बार डिप्रेशन, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों को जन्म देता है। अपनी कुछ सहेलियां अवश्य बनाएं। सुबह या शाम जब भी पार्क में टहलने जाएं, वहां आई महिलाओं से दोस्ती करें। इनसे कुछ अपनी कहें, कुछ उनकी सुनें। उनके साथ अपने सुख-दुःख साझा करें, इससे आपका मन हल्का होगा। आपको एक संबल मिलेगा।

**छोटी-छोटी खुशियां सेलिब्रेट करें:** जीवन चलने का नाम है। कभी परेशानियों का घना अंधेरा आपको घेर लेगा, तो कभी प्रातः उगे सूरज की किरणें नई आशाओं का संचार करेंगी। सुख और दुःख तो जीवन के दो पहलू हैं, इससे आपको प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है। सुख है तो दुःख भी आएगा, यह तो धूप-छांव का खेल है। आप धैर्य के साथ प्रत्येक स्थिति का सामना करें। सुख में बहुत अधिक खुश न हों, दुःख में बहुत अधिक दुःखी ना हों। जो भी आपके पास अच्छा है, उसे सहेजें और सोचें कि ये सब अन्य लोगों के पास कितना है। बहुत ज्यादा पाने की उत्कंठा ना पालें, जो भी आपके पास है, उसमें संतोष करें। यही सुखी जीवन का सूत्र है।

**व्यस्त रहें-मस्त रहें:** कहा जाता है 'व्यस्त रहें, मस्त रहें' क्योंकि खाली दिमाग शैतान का घर होता है। स्वयं को हर हाल में व्यस्त रखें। यदि आप वर्किंग हैं, ऑफिस के बाद कुछ समय आपके पास खाली रहता है तो उसमें अपने अधूरे शौकों को पूरा करें, जैसे म्यूजिक, डांसिंग, पेंटिंग या फिर राइटिंग जो भी आपकी पसंद का काम हो उसे करें और व्यस्त रहें। इससे आपको एक अलग ही खुशी मिलेगी, आप ऊर्जावान रहेंगी।



**मन का करें:** कई बार हम दूसरों को लेटेस्ट फैशन की ड्रेस पहने देखकर, डांस फ्लोर पर खुलकर डांस करते देखकर या बिंदास तरीके से जीते देखकर खुद भी वैसा जीवन जीने की सोचते हैं, लेकिन हमारे अंदर का संकोच ऐसा करने से रोक देता है। आपका जो भी करने का मन करे, खुलकर करें। हमेशा याद रखें, जो करना है, इसी जीवन में करना है। मन की अपनी किसी तमन्ना को मारे नहीं। लोग क्या कहेंगे, सोचकर अपनी ख्वाहिशों को दबाएं नहीं। अपनी जिंदगी अपने ढंग से जिएं, भरपूर जिएं और खुश रहें।

**भूलना सीखें:** कई बार किसी नाते-रिश्तेदार या मित्र-परिचित का व्यवहार मन को अंदर तक आहत कर देता है, इससे मन व्यथित हो उठता है। उस व्यवहार या बात को मन में पाले न रखें। जो हुआ, उसे भूल जाएं, मतलब 'बीती ताहि बिसार दे, आगे की सुधि ले' के सिद्धांत पर चलें। इससे आपको मानसिक शांति तो मिलेगी ही, साथ ही सामने वाले के प्रति मन में बैठी कड़वाहट भी खत्म होगी और रिश्तों में फिर से मिठास घुलेगी।

**जीवन को अनुभव करें:** आप मनुष्य हैं, अपने इस मनुष्य जीवन को अनुभव करें। इस बात को मानें कि आप पृथ्वी पर जन्म लेने वाले समस्त प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ हैं। आपको ईश्वर ने पृथ्वी पर मनुष्य का 'महान जीवन' जीने के लिए भेजा है, इसे व्यर्थ के कार्यों में जाया ना करें। इसे परिवार, समाज, देश और मानव कल्याण में लगाएं। इस बारे में सीनियर काउंसलर कीर्ति वर्मा कहती हैं, 'जिंदगी एक बार मिली है, इसके हर रंग को हंसते-खेलते जिएं, पूरा आनंद उठाएं, आपको एक अलग तरह का सुकून मिलेगा, खुशी मिलेगी।'

## जब हां कहने से बढ़े बोझ तब ना कहना है जरूरी

लोगों की मदद करना, कोई बुरी बात नहीं है। लेकिन जब लोग आपकी इस आदत का फायदा उठाते हुए आप पर कामों का बोझ डालने लगेंगे तो आपके पास अपने लिए समय नहीं रहेगा। लगातार काम करते हुए आप तनाव से घिर सकती हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए भी सही नहीं। इसलिए हर किसी के काम के लिए हां मत कहिए।

एडवाइस

अनीता जैन



हममें से कई लोग दूसरों की भावनाओं को ठेस न पहुंचे, इस सोच के कारण हर काम के लिए 'हां' कह देते हैं। हमें लगता है, 'ना' कहने से सामने वाला बुरा मान जाएगा या हमें गलत समझेगा। लेकिन हर बार अपनी इच्छा और सुविधा को नजरअंदाज कर दूसरों की बात मानना, धीरे-धीरे हमारे मन, समय और आत्म-सम्मान को नुकसान पहुंचाने लगता है। इससे तनाव, थकावट और मन में असंतोष बढ़ता है। हमें इससे बचना चाहिए।

**हर किसी की बात पूरी करना जरूरी नहीं:** हमारा यह समझना जरूरी है कि आज के व्यस्त जीवन में हर किसी की बात को पूरा करना जरूरी नहीं है। यदि सामने वाले को हमारी मदद की सच में जरूरत है तो हम सहानुभूति के साथ 'हां' कह सकते हैं। लेकिन अगर उसकी जरूरत केवल औपचारिक या दबावपूर्ण है, तो विनम्रता और स्पष्टता से 'ना' कहना बेहतर है। सही समय पर समझदारी से 'ना' कहना हमारे जीवन में संतुलन और मानसिक शांति बनाए रखने में मदद करता है।



**बार-बार 'हां' बढ़ाता है तनाव:** हर बार दूसरों की बात मानना भले ही तुरंत ठीक लगे, लेकिन लंबे समय में यह आदत हमें मानसिक और शारीरिक रूप से थका देती है। ऑफिस में जरूरत से ज्यादा जिम्मेदारी लेना, किसी रिश्ते में अपनी मर्जी के खिलाफ काम करना या सामाजिक आयोजनों में थकावट के बावजूद जाना, ये सभी बातें धीरे-धीरे हमारे भीतर चिड़चिड़ापन, असंतोष और तनाव पैदा करती हैं। ऐसे में खुद के लिए समय निकालना भी मुश्किल हो जाता है।

**मना करना समझदारी भरा कदम:** 'ना' कहना असभ्यता नहीं है, बल्कि यह एक समझदारी भरा कदम है। जब कोई काम हमारे समय, सुविधा या मानसिक स्थिति के अनुकूल न हो, तो उसे मना करना हमारी जिम्मेदारी है। ऐसा करना यह दिखाता है कि हम अपनी सीमाओं और जरूरतों को समझते हैं। साथ ही साथ यह दूसरों को भी सिखाता है कि हर बार आपसे 'हां' की उम्मीद न करें।

**समय बचाने में मदद करता है 'ना':** हम सबके पास समय सीमित है। अगर हम हर बात पर 'हां' कहेंगे, तो अपने जरूरी काम और आराम के लिए वक्त नहीं बचेगा। सोच-समझकर 'ना' कहने से हम अपनी ऊर्जा और ध्यान उन कामों में लगा सकते हैं, जो हमारे लिए वाकई जरूरी हैं। यह आदत हमें बेहतर समय प्रबंधन, मानसिक स्पष्टता और संतुलन देती है।

**विनम्रता से कहें 'ना':** कुछ लोग ना कहने में बहुत संकोच करते हैं। ऐसे लोगों के लिए जरूरी है वे अपने स्वभाव-व्यवहार में बदलाव लाएं। ऐसे लोग सबसे पहले अपनी प्राथमिकताएं तय करें। किसी काम का अनुरोध मानने से पहले सोचें कि क्या वह काम आपके समय या मानसिक स्थिति के अनुकूल है। अगर नहीं, तो विनम्रता से मना करना सही होगा। जैसे कहें, 'मैं आपकी बात समझती हूं, लेकिन फिलहाल यह मेरे लिए संभव नहीं है।' इससे रिश्तों में कटुता नहीं आती।

**गिल्ट महसूस न करें:** खुद के लिए सीमाएं तय करना कोई अपराध नहीं। 'ना' कहना, दरअसल आत्म-देखभाल का ही एक हिस्सा है, न कि असंवेदनशीलता।

**तुरंत जवाब न दें:** अगर किसी निर्णय को लेकर आप उलझन में हैं, तो समय लेकर सोचें। कहें, 'मैं इस पर सोचकर बताऊंगी।' यह आपको बिना दबाव के सही फैसला लेने में मदद करेगा।

**सबको खुश करने की आदत छोड़ें:** यह समझें कि आप हर किसी को खुश नहीं कर सकतीं। सीमाएं बनाना और उन्हें साफ तरीके से बताना आत्मबल की निशानी है।

हर साल फरवरी-मार्च में जैसे-जैसे बच्चों के फाइनल एग्जाम्स करीब आने लगते हैं, वैसे ही बच्चों ही नहीं उनके पैरेंट्स का भी तनाव बढ़ने लगता है। ऐसे में पैरेंट्स को बहुत समझदारी से बच्चों की केयर और गाइड करना चाहिए, जिससे बच्चा टेंशनफ्री होकर एग्जाम दे सके।

## बच्चों की ही नहीं ये आपकी भी परीक्षा का समय है

प्रिपरेशन

मनोज अग्निहोत्री



अब से कुछ ही दिनों बाद बच्चों के फाइनल एग्जाम शुरू होने वाले हैं। इन दिनों कई घरों में बच्चों से अधिक उनके माता-पिता एग्जाम को लेकर तनाव में दिख रहे हैं। उन्हें हर समय यही चिंता लगी रहती है कि बच्चा सही ढंग से पढ़ाई कर पा रहा है या नहीं। अपनी इसी सोच के चलते, पैरेंट्स बच्चे को बार-बार टोकते हैं। इससे बच्चा बहुत ज्यादा स्ट्रेस में आ जाता है। पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाता। ऐसे में अभिभावकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि यह समय बच्चों का सपोर्ट सिस्टम बनने का होता है, न कि आलोचक बनने का।

**तुलना करेगी आहत:** किसी बच्चे की अपने बच्चे से तुलना न करें। इस प्रकार की तुलनात्मक बातें बच्चे को मानसिक रूप से आहत और अपमानित करती हैं, क्योंकि जिस प्रकार अपनी रसोई में आपका काम करने का अपना तरीका होता है, उसी प्रकार हर बच्चे का भी अपनी पढ़ाई का एक तरीका, योग्यता और क्षमता होती है, वह उसी के अनुसार अपना अध्ययन करता है।

**ताना न मारें:** 'तुम कुछ नहीं कर सकते, भगवान जाने तुम्हारा क्या होगा?' 'हम तुम्हारी हर जरूरत को पूरा करते हैं और एक तुम हो कि इसके बदले में ढंग से पढ़ाई तक नहीं कर सकती हो।' ऐसे ताने या कटुवचन अपने बच्चे से बिल्कुल न बोलें। ध्यान रखिए, वर्तमान समय में अंकों की अधिकता किसी भी अच्छे स्कूल में एडमिशन होना सुनिश्चित नहीं करता और न ही एक कक्षा के अधिक मार्क्स से बच्चे का जीवन बनता-बिगड़ता है। हां इस प्रकार के वाक्यों से आप अपने और बच्चे के मध्य एक दूरी अवश्य बना लेते हैं।



### भावनात्मक सपोर्ट दें

**अकसर इन** दिनों में बच्चे अपने कोर्स को लेकर घबरा जाते हैं, वे एग्जाम फोबिया से ग्रस्त हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि यदि वे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तो किसी लायक नहीं समझे जाएंगे। ऐसे में आपका दायित्व है कि आप उन्हें समझाएं कि उनके मार्क्स कम आएं या अधिक, आप हर हाल में उनके साथ हैं। समय निकालकर आप उनसे पढ़ाई के अलावा अन्य विषयों पर हल्की-फुल्की बातें करें, ताकि आप उनके मन की बातों को पढ़कर सही मार्गदर्शन दे सकें।

**रखें स्वस्थ पारिवारिक माहौल:** कई परिवारों में पति-पत्नी आपस में लड़ते-झगड़ते रहते हैं या फिर मेहमानों का आवागमन होता रहता है। ऐसे में बच्चे के लिए पढ़ाई कर पाना मुश्किल हो जाता है। इस समय आवश्यक है कि आप अपने बच्चे को घर में एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करें, ताकि वह बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई कर सके। घर के वातावरण को सरल और सहज रखें ताकि बच्चा भी परीक्षा को हौव्वा न समझकर, सहज प्रक्रिया समझे।

**डाइट है बहुत महत्वपूर्ण:** एग्जाम के दिनों में अपने बच्चे की डाइट का विशेष ध्यान रखें। उसे पौष्टिक भोजन दें। फास्ट फूड के स्थान पर ताजे फलों का जूस, मेवे और हरी सब्जियां खाने को दें।

**मददगार बनें:** जब परीक्षा एकदम सिर पर होती है तो कुछ बच्चे घबरा जाते हैं कि कैसे पढ़ें, पढ़ाई के क्या तरीके अपनाएं या फिर कैसे रिवीजन करें? ऐसे में बच्चों को स्वयं गाइड करें या किसी परिचित शिक्षक से मदद लेने को कहें।

**(सीनियर साइकोलॉजिस्ट निधि तिवारी से की गई बातचीत पर आधारित)**

## जैसी हो आपकी स्किन टोन वैसा ही चुनें परफेक्ट लिपस्टिक शेड

मेकअप

ललिता गोयल

लिपस्टिक लगाना लगभग सभी महिलाओं को अच्छा लगता है। इससे उनकी फेस ब्यूटी निखर उठती है। लेकिन कुछ महिलाएं इस बात को लेकर कंफ्यूज रहती हैं कि उनकी स्किन टोन के अनुसार लिपस्टिक का कौन-सा शेड उन्हें सूट करेगा? स्किन टोन के अनुसार सही शेड की लिपस्टिक आपके लुक को बदल सकती है और पूरा लुक इंस्टेंट अपग्रेड हो जाता है। वहीं गलत शेड की लिपस्टिक से लुक निखरकर सामने नहीं आता क्योंकि जहां कुछ कलर लुक को डल दिखाते हैं, वहीं कुछ ज्यादा ही लाउड लगते हैं। जैसे अगर किसी का स्किन टोन मीडियम-फेयर है, तो उन पर काफी शेड्स अच्छे लगते हैं, लेकिन हर शेड उन पर नहीं जंचता। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि आप अपनी स्किन टोन को ध्यान में रखते हुए परफेक्ट लिप शेड को चुनें। ये जरूरी नहीं कि लिपस्टिक का हर कलर हर किसी को सूट करे। इसके लिए स्किन कॉम्प्लेक्शन पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है। आइए जानते हैं, स्किन टोन के हिसाब से कैसे किया जाए परफेक्ट लिपस्टिक शेड का सेलेक्शन।



**फेयर स्किन टोन:** अगर आपकी त्वचा गोरी रंगत वाली यानी आपका स्किन टोन फेयर है तो आपके लिप्स पर कोरल, वाइन रेड, लाइट पर्पल पीच, चेरी रेड या न्यूड पिंक शेड की लिपस्टिक बहुत अच्छी लगेंगी। फेयर स्किन टोन वाली महिलाएं, बोल्ड लुक के लिए मोव या मोका शेड भी ट्राई कर सकती हैं। लेकिन उन्हें डार्क पिंक, ब्लड रेड और बहुत ज्यादा शिमर या ग्लॉसी लुक वाले लिपस्टिक के शेड्स से बचना चाहिए।

**व्हीटिश स्किन टोन:** गेहुंआ रंगत यानी व्हीटिश स्किन टोन वाली महिलाओं को न्यूड शेड्स की लिपस्टिक लगाने से बचना चाहिए क्योंकि यह उनके चेहरे की रंगत को फीका कर सकते हैं। ऐसी स्किन टोन पर ब्राउन कलर के शेड्स परफेक्ट लगते हैं। इसके अलावा इस स्किन टोन वाली महिलाएं डार्क पिंक, ब्लड रेड, ब्रोज, राइप ऑरेंज, सिनामन कलर भी चुन सकती हैं। इन कलर के लिपस्टिक शेड्स चेहरे पर ताजगी और चमक लाते हैं। इसके साथ ही पूरे लुक को निखारते हैं।

**डार्क स्किन टोन:** अगर आपकी रंगत दबी हुई यानी सांवली (डार्क स्किन टोन) है तो आपको लिपस्टिक में मैट लिपस्टिक के ब्रिक रेड, ब्राउनिश रेड, कैरेमल कलर, कॉफी कलर ट्राय करने चाहिए। ये शेड उन्हें काफी सूट करते हैं। इस स्किन टोन वालों को ग्लॉसी लिपस्टिक से बचना चाहिए क्योंकि ये उनकी रंगत को और अधिक डार्क दिखाते हैं। अगर किसी का स्किन टोन ज्यादा डार्क है तो उन्हें ब्राउन, रेड, पर्पल कलर के शेड्स को चुनना चाहिए।

**(मेकअप आर्टिस्ट रेनू महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल एडवाइस

अलग-अलग वजहों से महिलाओं में विभिन्न कैंसर हो सकते हैं। लेकिन अगर शुरुआती लक्षणों को पहचान लिया जाए, तो कैंसर का ट्रीटमेंट संभव है। वर्ल्ड कैंसर डे, 4 फरवरी पर विभिन्न तरह के कैंसरों के लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में जानिए।

## रहें अवेयर-पहचानें लक्षण कैंसर से होगा बचाव

बीते कुछ वर्षों में महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ओवेरियन कैंसर, एंडोमेट्रियल (यूटेरस) और कोलन कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हालांकि सही लाइफस्टाइल, बैलेंस्ड डाइट और समय-समय पर जांच से इन कैंसरों के रिस्क को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**कैंसर के शुरुआती संकेत:** महिलाओं में होने वाले अधिकतर कैंसर की पहचान शुरुआती लक्षणों से ही की जा सकती है। इस बारे में एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-गायने ऑन्कोलॉजी, **डॉ. बुचुन कुमारी मिश्रा** बताती हैं, 'ब्रेस्ट कैंसर में स्तन में गांठ महसूस होना, स्तन के आकार या रंग में बदलाव, निप्पल का अंदर धंसना या निप्पल से किसी तरह का असामान्य डिस्चार्ज आना शुरुआती संकेत हो सकते हैं। वहीं सर्वाइकल कैंसर में पीरियड्स के अलावा बार-बार ब्लीडिंग होना, इंटरकोर्स के बाद रक्तस्त्राव या असामान्य वेजाइनल डिस्चार्ज को गंभीरता से लेना जरूरी है। ओवेरियन कैंसर के लक्षण अकसर सामान्य पेट की समस्या समझ लिए जाते हैं, जैसे लगातार पेट फूलना, निचले पेट में दर्द, जल्दी पेट भर जाना या बिना वजह वजन बढ़ना। इसी तरह एंडोमेट्रियल कैंसर में मेनोपॉज के बाद किसी भी तरह की ब्लीडिंग होना खतरे का संकेत माना जाता है। जबकि कोलन कैंसर में लंबे समय तक कब्ज रहना, स्टूल में खून आना, बार-बार थकान महसूस होना या खून की कमी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इनमें से किसी भी तरह के असामान्य लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराना बेहद जरूरी है।'



**लाइफस्टाइल हो सही:** हेल्दी लाइफस्टाइल, कैंसर से बचाव का कारगर उपाय है। महिलाओं को रोजाना कम से कम 30 से 40 मिनट वॉक, योगाभ्यास या किसी भी तरह की फिजिकल एक्टिविटी को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। वजन को कंट्रोल में रखना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही धूम्रपान और शराब से पूरी तरह दूरी बनाना चाहिए। हार्मोन से जुड़ी या गर्भनिरोधक दवाओं का लंबे समय तक बिना डॉक्टर की सलाह के सेवन से बचना चाहिए। यह हार्मफुल हो सकता है।

**न्यूट्रिशस डाइट:** महिलाओं को डाइट में हरी सब्जियां जैसे पालक, ब्रोकली, पत्ता गोभी जरूर शामिल करनी चाहिए। इसके साथ ही पपीता, सेब, अनार और बेरीज जैसे फल इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं। दलिया, ओट्स और दालों जैसे फाइबर युक्त आहार पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं और कोलन कैंसर के खतरे को कम करते हैं। हल्दी, लहसुन और अदरक में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण शरीर को अंदर से सुरक्षित रखते हैं।

**जरूरी टेस्ट:** कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका रेग्युलर स्क्रीनिंग और समय पर जांच है, क्योंकि इससे बीमारी को शुरुआती स्टेज में ही पकड़ा जा सकता है। इस बारे में, रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर की कंसल्टेंट-गायने ऑन्कोलॉजी, **डॉ. सहाना पुन्नेशेट्टी** डिटेल में बताती हैं, ब्रेस्ट कैंसर को पहचानने के लिए 20 साल की उम्र के बाद हर महिला को महीने में एक बार सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन करना चाहिए, ताकि किसी भी तरह की गांठ या बदलाव को समय रहते पहचाना जा सके। वहीं 40 साल की उम्र के बाद डॉक्टर की सलाह से मैमोग्राफी कराना बेहद जरूरी हो जाता है। सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए 25 साल की उम्र के बाद नियमित रूप से पैप स्मीयर टेस्ट कराना चाहिए। वहीं कोलन कैंसर से बचाव के लिए स्टूल टेस्ट किया जाता है। एचपीवी वैक्सीन, सर्वाइकल कैंसर से बचाव में कारगर है।

**प्रस्तुति: सहेली फीचर्स**

### विधायक लक्ष्मण सिंह ने नशा मुक्ति जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि के नशा मुक्त भारत अभियान का हुआ आगाज

- आमजन व विद्यार्थियों को जागरूक करने वाले बीके बंधुओं को पटका व झंडा सुपुर्द कर सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से आठ फरवरी तक चलाए जाने वाले नशा मुक्त भारत अभियान का सोमवार को सेक्टर-4 स्थित त्रिमूर्ति भवन से आगाज किया गया। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बतौर मुख्य अतिथि नशा मुक्ति जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा आमजन व विद्यार्थियों को जागरूक करने वाले बीके बंधुओं को पटका व झंडा सुपुर्द कर सम्मान भी किया। त्रिमूर्ति भवन की मुख्य संचालिक बीके बृजेश के मंच संचालन में आयोजित कार्यक्रम का आगाज अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि राजनीतिक एवं अध्यात्मिक शक्ति जब एक साथ मिलकर किसी कार्य की शुरूआत करते हैं तो निश्चित रूप से वह अंजाम तक अवश्य पहुंचता है।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद विधायक व प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की टीम। फोटो : हरिभूमि

#### नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया

नशे की दलदल में फंसकर अपने परिवार को बर्बाद करने तथा समय से पहले ही अपनी जीवन यात्रा को समाप्त कर लेने वाले लोगों के लिए यह अभियान एक संजीवनी का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि नशा वास्तव में आज के समय की एक गंभीर समस्या बन चुका है, जिसके निदान के लिए भाजपा सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल तथा वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ष नशा मुक्ति के लिए विशेष अभियान साइक्लोत्थान चलाती आ रही है, जिसके माध्यम से आमजन को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर नौनिहालों ने नशे के दुष्प्रभावों को बताते हुए नृत्य एवं नाटिका के माध्यम से सभी को जागरूक भी किया। कार्यक्रम के दौरान सभी को नशे से पूरी तरह दूर रहने तथा दूसरों को जागरूक करने की शपथ भी दिलाई गई। संस्थान की ओर से नशा जागरुकता वाहन में नशा रुपी कुंभकर्ण की आकृति का विद्युत संचालित मॉडल भी दिखाया गया। कार्यक्रम में ओआरसी से पहुंची बीके अनामिका, बीके प्रमिला फरुर्खनगर, कोसली से बीके निर्मला, शिक्षाविद आशा देवी, पूर्व डीआईजी एसके पांडेय, बीके रचना, बीके ऊषा, बीके मोना, बीके नीतू व बीके मधु सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# श्याम निशान लेकर खाटूधाम की पदयात्रा पर रवाना हुए श्रद्धालु


रेवाड़ी। खाटूधाम के लिए रवाना होते श्रृद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सोमवार को धारूहेड़ा से श्याम भक्त बाबा खाटू श्याम की निशान पदयात्रा के लिए रवाना हुए। नगर पालिका के चेयरमैन कंवर सिंह के नेतृत्व में निशान पदयात्रा लगातार चौथे वर्ष सोहना रोड स्थित मंदिर से खाटू धाम के लिए रवाना हुई। इससे पूर्व बाबा श्याम की प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। श्रद्धालु हाथ में श्याम बाबा का निशान लेकर ढोल और डीजे की धुन पर भजनों पर झूमते यात्रा के लिए रवाना हुए। सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। निशान पदयात्रा बलराज यादव, विपिन यादव, होशियार सिंह, राम प्रकाश पहलवान, प्रमोद कुमार व पूर्ण सिंह सहित 13 श्रद्धालु शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### चंदपुरा पहुंचे बसपा प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर

**मंडी अटेली।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. कृष्ण जमालपुर अटेली के बसपा महासचिव तुषार तायल के भतीजे चीकू के नामकरण संस्कार कार्यक्रम में चंदपुरा पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ विधानसभा अटेली के पूर्व प्रत्याशी बसपा एडवोकेट अतर लाल, जिला अध्यक्ष प्रमोद कटारिया, विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र रामबास, जिला सचिव एडवोकेट कर्णसिंह शास्त्री, विधानसभा प्रभारी सुभाष उर्फ रिंकू, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अश्विनी बौद्ध सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कनीना नपा को 6 विकास कार्यों की मिली मंजूरी

**कनीना।** नगर पालिका क्षेत्र में जिला योजना के तहत छह विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। जिन पर शीघ्र ही कार्य शुरू होने की संभावना है। इस बारे में नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने बताया कि वार्ड नम्बर एक की चौपाल में टीनशेड का कार्य करवाया जाएगा। इसी प्रकार होली वाला जोहड़ पर वाकिंग टेक, वार्ड आठ में स्थित अनुसूचित जाति चैपाल की मरम्मत, वार्ड 10 में स्थित शहीद अशोक कुमार पार्क का जीर्णोद्धार कार्य, वार्ड चार में चंदा मामा ट्यूबवेल पार्क का जीर्णोद्धार तथा वार्ड छह में दो वाटर कूलर स्थापित किए जाएंगे।

### महेंद्रगढ़ में इनेलो युवा सम्मेलन कल

**नारनौल।** इंडियन नेशनल लोक दल का युवा सम्मेलन चार फरवरी सुबह 11 बजे जिला प्रधान सुरेन्द्र कौशिक के महेंद्रगढ़ स्थित निवास पर होगा। जिला प्रवक्ता नवनीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि आईएसओ राष्ट्रीय प्रभारी एवं रानिया से विधायक अर्जुन सिंह चौटाला और विशिष्ट अतिथि के तौर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी होंगे। अध्यक्षता जिला युवा प्रधान दीपक यादव करेंगे।

### अग्रवाल वैश्य समाज की बैठक 7 मार्च को

**नारनौल।** अग्रवाल वैश्य समाज की प्रदेश स्तरीय आम सभा की बैठक सात मार्च को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाभूमि वृंदावन के दिल्ली श्रीधाम रुक्मणी विहार में आयोजित की जाएगी। अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष संदीप नूनीवाला ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन समाज की एकता, वैचारिक चिंतन व भविष्य की दिशा तय करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।



### सरकार भेदभाव और क्षेत्रवाद की राजनीति को बढ़ावा दे रही

**रेवाड़ी।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार भेदभाव और क्षेत्रवाद की राजनीति को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश में भारी बरसात और जलभराव के कारण हुए फसल खराबे के लिए न केवल मुआवजा देने में सरकार ने देरी की, बल्कि किसानों के साथ भेदभाव भी किया गया। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने क्षेत्र नारायणगढ़ और लाडवा में बिना वेरिफिकेशन के ही 15-20 करोड़ रुपये तक का मुआवजा जारी कराया, जबकि अन्य प्रभावित क्षेत्रों में दो-तीन बार सत्यापन की प्रक्रिया के बाद भी मुआवजा बहुत कम दिया गया। दुष्यंत चौटाला सोमवार को नई अनाजमंडी में जेजेपी के युवा योद्धा सम्मेलन में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय पंच, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील चौधरी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला विमला चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला आरुषि यादव, प्रदेश महासचिव महिला मीरा, युवा प्रदेश अध्यक्ष विपिन यादव, युवा प्रदेश महासचिव संदीप खोरी, प्रदेश महासचिव बीसी सेल राकेश वर्मा, जिला अध्यक्ष महिला सुमन शर्मा, जिला प्रवक्ता कमल मंगलेश्वर, युवा जिला अध्यक्ष ज्योति सागवान, हल्का अध्यक्ष बावल उपेंद्र महलावत, सत्येंद्र बाबा आदि मौजूद रहे।


रेवाड़ी। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों के हवन में डाली आहुति

- अभिभावकों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सदा प्रगति पथ पर बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों के हवन में आहुति डाली और आशीर्वाद प्राप्त किया। हवन में यजमान के रूप में सुमन कुमार, रूपा कुमारी व सुकरम पाल ने शिरकत की। उन्होंने स्कूल प्रशासन का वैदिक हवन का हिस्सा बनाने का अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। ऊषा आर्या ने हवन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। वक्ताओं ने कहा कि हवन से छात्र-छात्राओं को जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्राप्ति होती है। ऐसे आयोजनों से वे अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को धारण करना भी सीखेंगे। इस मौके पर अभिभावकों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सदा प्रगति पथ पर बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया।

## परीक्षा तिथियों में बदलाव अब 2 दिन होगी परीक्षा

**नारनौल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा फरवरी परीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण सार्वजनिक सूचना जारी की है। बोर्ड द्वारा पहले जारी नोटिस के अनुसार केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का 21वां संस्करण आठ फरवरी (रविवार) को आयोजित होना था, लेकिन अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण अब यह परीक्षा दो दिन आयोजित की जाएगी। अब केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा परीक्षा सात और आठ फरवरी (शनिवार व रविवार) को देशभर के 140 शहरों में कराई जाएगी। दोनों दिनों में परीक्षा दो पारियों में आयोजित होगी। पेपर-2 की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक, जबकि पेपर-1 की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगी। प्रत्येक पेपर की अवधि दो घंटे 30 मिनट निर्धारित की गई है।

## जानलेवा हमले के मामले में पांच आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** थाना सदर पुलिस ने गांव रामबास में हुई फायरिंग, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रविन्द्र वासी रामबास, सचिन वासी सुरानी, पवन वासी सराय बहादुर, गुलाब वासी सराय बहादुर हाल आबाद लक्ष्मी नगर रेवाड़ी, दीपक वासी सराय बहादुर के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि इस मामले के संबंध में एक फरवरी को गांव रामबास निवासी विरेन्द्र सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार जब वह सुरेन्द्र की मील के पास बैठा था, तो उसने तीन गाड़ियों में 15 से 20 लड़कों को देखा। कुछ देर बाद जब वह अपने घर पहुंचा, तो वहां दो गाड़ियां खड़ी थी और 10 लड़के उसके घर वालों के साथ गाली गलौज कर रहे थे। शिकायतकर्ता के पहुंचते ही आरोपितों ने उसे पकड़ लिया और गले पर पिस्तौल रखकर धमकी दी कि अगर वह खेत में घुसा तो उसे जान से मार देंगे। शोर सुनकर लोग एकत्रित हुए, तो आरोपितों ने दहशत फैलाने के लिए फायर कर दिए और शिकायतकर्ता के ऊपर गाड़ी चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश भी की।


नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

## बुजुर्ग परमानंद दिवान साइबर ठगी के शिकार

**नारनौल।** बुजुर्ग समाजसेवी एवं नर नारायण सेवा समिति संस्थापक परमानंद दिवान के साथ साईबर धोखाधड़ी के शिकार हो गए हैं। जानकारी के अनुसार परमानंद दिवान ने बैंक में खाते खोले हुए हैं, उस खाते में अनजान व्यक्ति ने गत 22 नवंबर 2025 को 8900 रुपये तथा दूसरे अकाउंट में 10 हजार रुपये का 23 नवंबर 2025 को साईबर फ्राड कर दिया। फ्राड करने वाले ने स्वयं को बैंक कर्मचारी बताकर एकाउंट की डिटेल मांग थी और संबंधित अकाउंट से उक्त राशि निकलवा ली। पीड़ति ने साईबर थाना में गत 24 नवंबर को शिकायत दर्ज करवाई थी, लेकिन अब तक अब तक एफआईआर लिखने के अतिरिक्त अन्य कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## पटीकरा में कलश यात्रा निकाली



**नारनौल।** पटीकरा गांव में आयोजित प्रथम विराट पंचकुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर श्याम मंदिर से यज्ञ स्थल श्री तेजादास आश्रम पटीकरा तक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत यज्ञाचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री व अन्य वेदपाठी ब्राह्मणों ने स्वस्तिवाचन, संकल्प व वरुण सूक्त के पाठ के साथ की। इसके उपरांत विधिवत रूप से कलशों का पूजन संपन्न हुआ। महंत नंदकिशोर दास महाराज की अगुवाई में कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं ने पवित्र कलश लेकर कर ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए शोभायात्रा को भव्य रूप प्रदान किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण भक्तिमय हो गया। यज्ञाचार्य निर्मल शास्त्री ने बताया कि इस मनोकामना पूर्ति महायज्ञ में कलश धारण करने से श्रद्धालुओं को अनंत पुण्य फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार से विधिवत रूप से यज्ञ की आहुतियां प्रारंभ की जाएंगी।

# मनरेगा को कमजोर कर उसे खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रही भाजपा सरकार: कटारिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

हरियाणा युवा कांग्रेस की ओर से सोमवार को कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव नांगल भगवानपुर में मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा सरकार की ओर से मनरेगा के समानांतर नई रोजगार गारंटी योजना विकसित भारत-जी राम जी लागू किए जाने के विरोध में आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व हरियाणा युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया व अध्यक्षता युवा जिला अध्यक्ष राज प्रकाश ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत हरियाणा युवा कांग्रेस जिला और ब्लॉक स्तर पर आंदोलन तेज करेगी। इस मौके पर निशित कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा अब पूरी तरह उजागर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जहां पिछले वर्ष मनरेगा के लिए 86 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा गया था, वहीं नई योजना वीबी-जी राम जी के लिए सरकार ने 95,692 करोड़ रुपये और मनरेगा के लिए सिर्फ 30,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह साफ संकेत है कि भाजपा सरकार मनरेगा को कमजोर कर उसे खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।


रेवाड़ी। बैठक में मौजूद कांग्रेसी कार्यकर्ता व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर पूर्ण सरपंच, प्रकाश सरपंच, जयप्रकाश मास्टर, सतबीर गिरदावर, वीर सिंह, पुनीत बुलान जिलाध्यक्ष महेंद्रगढ़ व पवन यादव कोसली विधानसभा अध्यक्ष सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शिविर में 56 नागरिकों ने रखीं समस्याएं


नारनौल। नागरिकों की समस्याएं सुनते सीटीएम डॉ. मंगल सेन। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** जनसमस्याओं के समाधान के लिए लघु सचिवालय स्थित मीटिंग हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने की। इस मौके पर 56 नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। समाधान शिविर के दौरान परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों का मौके पर डेस्क लगाकर निपटारा किया गया। इस अवसर पर नगराधीश ने कहा कि परिवार पहचान पत्र वास्तविक लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार हर सोमवार व वीरवार को प्रत्येक उपमंडल में समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसका मकसद आम नागरिकों की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करना है। इस मौके पर आईपीएस वैशाख बागी, डीएसपी सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

### सांसद की मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद हरकत में आया विभाग, सीएम से फंड जारी करने का कर चुके अनुरोध


महेंद्रगढ़। मिट्टी के सैंपल लेते हुए।

# जेरपुर-पाली अंडरपास बनने की जगी उम्मीद, मिट्टी के सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

तीन दर्जन से भी अधिक गांवों को सुविधा प्रदान करने वाले जेरपुर-पाली अंडरपास के निर्माण की उम्मीद अब जग गई है। एक दर्जन से भी अधिक गांवों की पंचायतों ने पिछले साल सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात कर इस रेलवे अंडरपास के निर्माण की मांग की थी। सांसद धर्मबीर सिंह ने रेलवे की तरफ से इस अंडरपास की टेक्नीकल स्वीकृति प्रदान करवा दी थी। उसके बाद सांसद धर्मबीर सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसके निर्माण के लिए बजट जारी करने की मांग की थी। लंबे समय तक ये मामला ठंडे बस्ते में लटका रहा था। पिछले महीने 10 जनवरी को दिल्ली के हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री के साथ हुई मीटिंग में एक बार फिर इस मुद्दे को उठाया तथा हरियाणा के आगामी बजट में अंडरपास के निर्माण के लिए बजट के प्रावधान की मांग की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के एक प्रथम दृष्टया ऐस्टिमेट की कापी भी सौंपी तथा लगभग 10.5 करोड़ के बजट की मांग रख दी। मुख्यमंत्री के साथ हुई मीटिंग का असर अब लोक निर्माण विभाग में देखने को मिला है। विभाग की तरफ से इसके सही एवं पूर्ण रूप से टेक्नीकल ऐस्टिमेट बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभाग ने इसके लिए मृदा टेस्टिंग की एक लैब से सैंपल इक्कठे करवाए गए हैं।

#### तीन दर्जन से भी अधिक गांवों को मिलेगी सुविधा

विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि यदि हरियाणा सरकार इसके लिए आगामी बजट में ही फंड का प्रावधान कर देती है तो इस अंडरपास के निर्माण का कार्य बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। इस अंडरपास के निर्माण से तीन दर्जन से भी अधिक गांवों के लोगों को सुविधा मिलेगी। इसके निर्माण से आवाजाही में ना सिर्फ उनके समय की बचत होगी, बल्कि आर्थिक बोझ में भी कमी आएगी। संदीप मालड़ा ने बताया कि अटेली विधानसभा के भी लगभग आधा दर्जन गांवों के लोगों को सतनाली पिलानी की तरफ आने-जाने में इस अंडरपास के निर्माण के बाद सुविधा हो जाएगी।

सीएम को बजट के लिए प्रेषित किए कई सुझाव

# केंद्रीय मंत्री की सीएम नायब के नाम 'पाती', खास परियोजनाओं के लिए मांगा अलग बजट

### लोकसभा क्षेत्र के अधीन कई परियोजनाओं का पत्र में हवाला, पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों की पावर बढ़ाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश के बजट में गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र के कुछ हिस्सों को विशेष परियोजनाओं के लिए अलग से धन मुहैया कराने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने सीएम नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा है। पत्र में इन परियोजनाओं का हवाला दिया गया है। साथ ही पंचायत और निकाय प्रतिनिधियों की शक्ति बढ़ाने के लिए प्रावधान करने की नसीहत भी दी है।

केंद्रीय मंत्री ने सीएम को लिखे पत्र में धारूहेड़ा क्षेत्र व मसानी बैराज के दूषित पानी की समाधान का निदान कराने के लिए अलग से बजट का प्रावधान करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि दूषित पानी की समस्या को लेकर गत दिनों केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी के साथ हुई बैठक में हरियाणा व राजस्थान दोनों को समान रूप से धन खर्च करने पर सहमति बनी थी। धारूहेड़ा क्षेत्र में बारिश के पानी का प्राकृतिक बहाव होने के कारण प्रदेश सरकार को बजट में इसके लिए अतिरिक्त धन खर्च करने का प्रावधान करना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि हरियाणा के साथ दक्षिण हरियाणा को सैनिकों की खान कहा जाता है। रेवाड़ी जिले के कोसली में हर घर से दूसरा व्यक्ति देश की रक्षा के लिए सेना में कार्यरत है। इसी दिशा में मेरा आपसे आग्रह है कि रेवाड़ी सहित गुरुग्राम व नारनौल में पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए सैनिक सदन बनाने की सख्त आवश्यकता है। सैनिक सदन के जरिए सरकार की सोच है कि पूर्व सैनिकों को एक छत के नीचे सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय, पूर्व सैनिक चिकित्सा सुविधा व पूर्व सैनिक कैंटीन सहित अन्य सुविधाएं मिल सके। आपसे आग्रह है कि पूर्व सैनिकों के लिए बजट में विशेष राशि का आवंटन सैनिक सदन के लिए किया जाए।

1. पंचायत और निकाय प्रतिनिधियों की शक्ति बढ़ाने के लिए प्रावधान
2. सैनिकों की सुविधा के लिए सैनिक सदन बनाने की सख्त आवश्यकता है
3. दक्षिण हरियाणा सैनिकों की खान है, कोसली में हर घर से दूसरा व्यक्ति देश की रक्षा के लिए सैना में कार्यरत है

### पंचायती प्रतिनिधियों की शक्तियां बढ़ाई जाएं

पत्र में राव ने कहा है कि लोकतंत्र में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार कर रही है। इसी दिशा में मेरा आपसे आग्रह है कि पंचायती राज अधिनियम में हरियाणा सरकार और अधिक मजबूती देकर 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत पंचायती राज संस्थाओं को शक्ति प्रदान की जाए एवं शहरी निकाय संस्थाओं जैसे नगर निगम नगर परिषद व नगर पालिका अध्यक्षों की शक्तियों को बढ़ाया जाए। इस दिशा में मैंने आपको अप्रैल 2025 में भी पत्र के माध्यम से पंचायती राज व शहरी निकास के जनप्रतिनिधियों की मांग से अवगत करवाया था। उम्मीद है कि आप बजट में जन प्रतिनिधियों की इस मांग का ध्यान रखेंगे।

### अरावली संरक्षण के बजट में हो प्रावधान

राव ने अरावली के संरक्षण की भी बात की है। पत्र में राव ने कहा कि पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद हरियाणा खासकर दक्षिण हरियाणा की जीवन रेखा अरावली पर्वत माला की सुरक्षा को लेकर काफी सवाल लोगों के मन में उठ रहे है। अनेक स्थानों पर आंदोलन कर लोग अरावली को सुरक्षित रखने की मांग कर रहे है। अरावली को खनन के जरिए काफी नुकसान पहुंचाया जा चुका है। अनेक लोगों व बिल्डरों की अरावली पर नजर है। मेरा आपसे आग्रह है कि बजट में अरावली संरक्षण के संबंध में प्रावधान लागू करने की घोषणा कर लोगों की शंकाओं को दूर किया जाए।



### सीटीपी के लिए जारी हो एक्सट्रा पैसा

राव ने पत्र में लिखा कि इसी दिशा में आपको अवगत करवाना चाहता हूं कि रेवाड़ी में धारूहेड़ा के समीप बने मसानी बैराज में भिवाड़ी की ओर से आ रहे दूषित पानी के चलते मसानी बैराज का पानी दूषित होकर बदबू मारने लगा है वहीं पानी ओवरफ्लो होकर किसानों के खेतों में भी भर रहा है। इस संबंध में 217 करोड़ की योजना से बैराज के पानी को ड्रेन 8 में डालने की योजना मंजूर की है। मसानी बैराज में आने वाले दिनों में बाल औद्योगिक क्षेत्र के पानी को भी स्वच्छ कर बैराज में डालने की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए बजट में एसटीपी बनाने के लिए अलग से धन की व्यवस्था की जाए।

## खबर संक्षेप



### सरपंच ने मेडल विजेता को किया सम्मानित

**कोसली।** गुजरवास के न्यू एरा पब्लिक स्कूल में आयोजित मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले युवाओं को ग्राम पंचायत नाहड़ के सरपंच महेन्द्र सिंह यादव ने सम्मानित किया। सरंपच ने मौराथन में मेडल हासिल करने वाले गांव के युवा गोविन्द यादव को सम्मानित किया। इस अवसर पर अमित कुमार, राजेश कुमार, विजय कुमार, रविन्द्र कुमार पंचायत सचिव व सतेन्द यादव मौजूद थे।



### पांच दिवसीय महिला पशुपालन प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**डहीना।** लुवास विश्वविद्यालय के पशु विज्ञान केंद्र मनेठी की ओर से गांव डहीना में 5 दिवसीय महिला पशुपालन प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। प्रशिक्षण शिविर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डा. देवेंद्र यादव प्रभारी पशु विज्ञान केंद्र मनेठी की ओर से किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों को पशुओं की विभिन्न नस्लों, पशुओं के पोषण एवं प्रबंधन, बीमारियों से बचाव व नियंत्रण, टीकाकरण, साइलेज, खनिज मिश्रण का महत्व तथा स्वच्छ दूध उत्पादन सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पशुपालकों को लुवास का खनिज मिश्रण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में डहीना पशु चिकित्सालय के डा. यादविंदर व ईश्वर सिंह सहित सभी स्टॉफ सदस्यों ने सहयोग किया। मुख्य अतिथि उपनिदेशक पशुपालन विभाग डा. नसीब सिंह ने महिला पशुपालकों को प्रशिक्षण पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में वैज्ञानिकों के सीधे संवाद से पशुपालकों को बहुत लाभ मिलता हैं।



### समाधान शिविर में पहुंची पार्को की दशा सुधारने की शिकायत

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर लगाया गया। डीसी ने लोगों की शिकायतें सुनते प्राथमिकता से निवारण कराया तथा लंबित शिकायतों के लिए अधिकारियों को समाधान कराने के निर्देश दिए। शिविर में शहर के होलिका पार्क और गांव घटाल महानियावास में गंदे पानी की शिकायत पर विभाग को मौके का निरीक्षण कर समस्या का निवारण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिविर में शिक्षा विभाग के कर्मचारी के वेतन संबंधित शिकायत व शहर के सेक्टर-1 में पार्कों के सौंदर्यीकरण न होने की शिकायत पहुंची। डीसी ने पार्कों में सौंदर्यीकरण सहित साफ-सफाई भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा समाधान शिविर में पेंशन, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, शिक्षा व पुलिस सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई। बैठक में एडीसी राहुल मोदी, सीटीएम जितेंद्र कुमार व डीएसपी पवन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



### ग्रामीणों ने बाबा देवता धाम पर किया पौधरोपण

**कोसली।** कोसली विस क्षेत्र के गांव श्यामनगर के बाबा देवता धाम परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। परिसर में दो पारसी पीपल के पौधे लगाए गए। सरपंच जिले सिंह ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि वृक्ष पर्यावरण को ठंडा और स्वच्छ रखते हैं। वर्षा ऋतु में मिट्टी का कटाव रोकते हैं। इसके अतिरिक्त वृक्ष हमें जीवन दायिनी आक्सीजन, छाया, फल, फूल और औषधियां भी प्रदान करते हैं। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते के साथ पशु एवं पक्षियों को आसरा भी देते है। इस मौके पर जयप्रकाश प्रधान बलबीर सिंह, लक्ष्मी नारायण, पंडित महिप, नरेश कुमार, बलराज व पवन कुमार मौजूद थे।

### पर्यटकों की सुविधा के लिए मेला साथी ऐप का शुभारंभ

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से फरीदाबाद में 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला घूमने आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए हरियाणा पर्यटन विभाग की ओर से मेला साथी ऐप का शुभारंभ किया गया है। इस मेला साथी ऐप के जरिए पर्यटकों को मेले से जुड़ी हर जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध होगी। डीसी ने बताया कि 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव का शुभारंभ 31 जनवरी को देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने किया था।

### अब तक 64 नशा पीड़ितों का कराया ईलाज



**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने सोमवार को गांव श्योराज माजरा में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने एक नशा पीड़ति व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर डी एडिक्शन सेंटर में भी भर्ती कराया। नशा मुक्ति टीम ने अब तक नशे से पीड़ति 224 लोगों की पहचान की है तथा 64 नशा पीड़तिों का इलाज कराया गया है। एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। उन्होंने गांव के नौजवानों से अपील करते हुए कहा कि वे नशे के विरुद्ध इस युद्ध में पुलिस का सहयोग करे। गांव में किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।

## एग्री स्टैक फार्मर आईडी पंजीकरण में प्रदेश में पहले स्थान पर रेवाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



एग्री स्टैक के तहत फार्मर आईडी बनाने के मामले में रेवाड़ी जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है। जिले में करीब 35 हजार 677 किसानों की आईडी बनाई जा चुकी है। डीसी अभिषेक मीणा केउ मार्गदर्शन में जिला कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व अन्य संबंधित विभाग लगातार इस योजना में कार्य कर रहे हैं ताकि सभी किसानों की आईडी बनाई जा सके और जिला के प्रत्येक किसान को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रदेश में एग्री स्टैक के तहत किसानों की आईडी बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिले में भी कृषि विभाग की ओर से इस कार्य को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। जिले में अभी तक पीएम किसान निधि योजना के तहत 58 हजार 767 किसान पंजीकृत है, जिनमें से करीब 35 हजार 677 किसानों की आईडी बनाई जा चुकी है, जोकि पूरे प्रदेश में किसी भी जिला की ओर से बनाई गई आईडी में पहले स्थान पर है।

विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाकर किसानों की आईडी बनाई जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारी जिले के विभिन्न गांवों में किसानों को फार्मर आईडी बनवाने के लिए जागरूक भी कर रहे हैं। संबंधित टीमें शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए लगातार फील्ड में कार्य कर रही है। एग्री स्टैक फार्मर आईडी किसानों के लिए बेहद उपयोगी है, क्योंकि इसके माध्यम से उन्हें सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं, सब्सिडी, बीमा, ऋण और अन्य लाभ सीधे व पारदर्शी तरीके से मिल सकेंगे। स आईडी के बिना किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## रेवाड़ी-सादुलपुर रेलखंड पर आरयूबी निर्माण कार्य के कारण रेल सेवाएं रहेंगी प्रभावित

- गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर रेलसेवा 8 अप्रैल, 22 अप्रैल व 6 मई को रद रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से बीकानेर मंडल के रेवाड़ी-सादुलपुर रेलखंड पर आरयूबी निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे की रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। रेलसेवाएं रद, आंशिक रद व मार्ग परिवर्तित रहेंगी। गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर रेलसेवा 8 अप्रैल, 22 अप्रैल व 6 मई को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी रेलसेवा 8 अप्रैल, 22 अप्रैल व 6 मई को रद रहेगी।

**प्रारंभिक स्टेशन से आंशिक रद रेलसेवाएं**

गाड़ी संख्या 14824 रेवाड़ी-जोधपुर रेलसेवा 6 मई को रेवाड़ी के स्थान पर लोहारू से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा रेवाड़ी-लोहारू के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54803 सीकर-रेवाड़ी रेलसेवा 6 मई को सीकर से प्रस्थान करके लोहारू तक ही संचालित होगी।

### 100 कैडेट्स ने दी एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा



**रेवाड़ी।** गोठड़ा स्थित सैनिक स्कूल में एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी के जूनियर डिवीजन के 100 कैडेट्स ने भाग लिया। विद्यालय प्रांगण में प्रायोगिक एवं लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय एनसीसी कमान अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी ने बताया कि दो वर्ष के प्रशिक्षण के पश्चात लिखित परीक्षा के साथ-साथ हथियार प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, ड्रिल टेस्ट, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, नेविगेशन, कमांड आदि की प्रायोगिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर कैडेट्स को एनसीसी का 'ए' प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि एनसीसी के माध्यम से कैडेट्स में राष्ट्रीय एकता व अखंडता को मजबूत बनाने के साथ ही आपसी सहयोग की भावना का विकास करना स्कूल का उद्देश्य है। एनसीसी व्यक्ति में राष्ट्रीयता की भावना का विकास करके मानवीय कल्याण का संदेश देती है। सैनिक स्कूल में एनसीसी की स्वतंत्र यूनिट है, जो अपने कैडेट्स को कक्षा आठवीं-नौवीं में ए सर्टिफिकेट तथा कक्षा ग्यारहवीं-बारहवीं अध्ययन काल के दौरान बी सर्टिफिकेट की परीक्षाओं में सफल बनाकर उत्तरोत्तर सी सर्टिफिकेट पाने के योग्य बनाती है, जिससे कैडेट्स सीधे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के सर्विस सिलेक्शन बोर्ड साक्षात्कार का सामना करने की पात्रता प्राप्त कर लेते हैं।

### समाधान शिविर में हुई शिकायतों की सुनवाई

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश उन्नति के मार्ग पर अग्रसर है। सबका साथ सबका विकास की नीति से कोसली विधानसभा क्षेत्र में भी समान विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधायक अनिल यादव सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में क्षेत्रवासियों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

प्रक्रिया | भाजपा की ओर से खेलमंत्री गौरव गौतम निकाय चुनाव प्रभारी नियुक्त

# निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस में हलचल कम अभी तक चुनाव प्रभारी भी नहीं किया गया नियुक्त

- भाजपा में टिकट की कमान राव के हाथ में रहने की उम्मीद, कांग्रेस में टिकट को लेकर तस्वीर साफ होने में लगेगा समय

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी



राव इन्द्रजीत सिंह





रेवाड़ी। नगर परिषद कार्यालय। फोटो : हरिभूमि



कै. अजय यादव

निकाय चुनावों को लेकर भाजपा की ओर से खेल मंत्री गौरव गौतम को प्रभारी बनाया जा चुका है, लेकिन प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से अभी प्रभारी तक की नियुक्ति नहीं की गई है। नगर परिषद से लेकर धारूहेड़ा नगर पालिका तक के चुनावों को लेकर कांग्रेसी खेमे में अभी तक हलचल तेज नहीं हो पाई है। भाजपा में टिकट की कमान एक बार फिर से केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के हाथों में आ सकती है, तो कांग्रेस में अभी तक तस्वीर साफ नहीं हुई है। इन चुनावों को लेकर भाजपा पूरी तैयारी और रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। पार्टी में इस बार माहौल बदला हुआ नजर आ रहा है। नगर परिषद के पिछले चुनावों में भाजपा जबरदस्त अंतर्कलह का शिकार बनी हुई थी। राव इंद्रजीत सिंह की ओर से नगर परिषद चेयरमैन पद के लिए पूनम यादव को टिकट दिलाने का उनके विरोधी भाजपा खेमे की ओर से खुलकर विरोध किया गया था। यह खेमा पूनम को हराकर राव को बड़ा झटका देने की तैयारी में था, परंतु राव समर्थकों की मेहनत ने विरोधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया था। गत विधानसभा चुनावों में अहीरवाल क्षेत्र में बड़ी संख्या में राव समर्थित प्रत्याशियों की जीत के बाद से ही उनका विरोधी शांत नजर आ रहा है। पिछली बार की तरह इस बार राव विरोधी खेमे की ओर से ऐसे संकेत नहीं मिल रहे, जिससे कि पार्टी में एक बार फिर टिकट को लेकर जोर-आजमाइश देखने को मिले। हालांकि पार्टी के शीर्ष नेताओं से सीधा संपर्क रखने वाले एसी वर्ग के कुछ नेता अपने स्तर पर टिकट का प्रयास जरूर कर रहे हैं, परंतु उन्हें यह भी पता है कि राव की रजामंदी के बिना टिकट हासिल करने के बाद भी जीत की राह आसान नहीं होगी।

### आमने-सामने की 'जंग' के आसार

नगर परिषद के पिछले चुनावों में पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव ने अपनी पत्नी उपमा यादव को नप चेयरमैन के चुनाव में उतारा था। कांग्रेस में कैप्टन के परिवार से विक्रम यादव प्रत्याशी रही थीं। भाजपा में गुटबाजी के चलते राव विरोधी खेमे का वोट कांग्रेस की बजाय सतीश की पत्नी की ओर डायवर्ट हो गया था, जिस कारण कांग्रेस प्रत्याशी की जगह उपमा यादव भाजपा प्रत्याशी को टक्कर दे पाई थीं। इस बार भी अगर कांग्रेस सिंबल पर प्रत्याशी उतारती है, तो भाजपा प्रत्याशी को सीधे मुकाबले का सामना करना पड़ सकता है।

### कांग्रेस में कैप्टन की सहमति जरूरी

नगर परिषद और नगर पालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस में माहौल अभी तक शांत नजर आ रहा है। पार्टी ने अभी न तो चुनाव प्रभारी घोषित किए और न ही सिंबल पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। सिंबल पर चुनाव लड़ने की सूरत में टिकट के लिए पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव की सहमति बड़े मायने रखने वाली साबित होगी। हलके में कैप्टन का पुराना और व्यक्तिगत जनाधार पार्टी प्रत्याशी के लिए काफी मददगार साबित होगा। अभी तक कैप्टन की ओर से संभावित प्रत्याशी को लेकर पत्ते नहीं खोले गए हैं।

### बकरी चोरी मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार



**रेवाड़ी।** सीआईए धारूहेड़ा ने बकरी चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पीथनवास निवासी रामौतार ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत वर्ष 6 सितम्बर की रात अज्ञात लोग उसके घर के पीछे बाड़े से बंधी पांच बकरी व एक बकरा गाड़ी मे डालकर चोरी करके ले गए हैं। उसकी शिकायत पर कसोला पुलिस थाने में चोरी का केस दर्ज किया गया था। तीन आरोपी मुबीन, आमिर व मोहम्मद आरिफ को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में सीआईए धारूहेड़ा ने एक और आरोपी जिला पलवल के गांव घुडावाली हाल आबाद गांव टोंका निवासी मोहम्मद जैद उर्फ जैद को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया।